
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

25 दिसम्बर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा के द्वारा व्यक्ति के व्यक्तिव का विकास होता है।

अटल बिहारी वाजपेयी

( भारत के पूर्व प्रधानमंत्री )

जन्म : 25 दिसम्बर 1924 मृत्यु : 16 अगस्त 2018



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

25 दिसंबर


मधु प्रिया

## सुशासन दिवस 25 दिसंबर




देश में महत्वपूर्ण दिवसों की सूची में एक महत्वपूर्ण दिन **25** दिसंबर का होता है जिसे सुशासन दिवस कहा जाता है। यह दिन हमारे भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल जी के जन्मदिवस के दिन ही आता है। असल में इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य इनकी जन्म तारीख को एक खास पहचान देकर इन्हे सम्मानित करना भी है। वर्ष **2014** में सरकारी कार्यालयों में लोगों को अपने कार्यो के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस दिन की स्थापना की गई और इस दिन के इस सिद्धांत को ध्यान में रखने के लिए यह दिन सरकारी दफ्तरों के लिए अवकाश न होते हुये एक कार्यकारी दिवस होता है। भारतीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा **23** दिसंबर **2014** को नब्बे वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के प्राप्तकर्ता के रूप में घोषित किया गया था। घोषणा के बाद उस समय नव निर्वाचित प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रशासन ने इसकी स्थापना करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती को भारत में प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सुशासन दिवस का उद्देश्य देश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में लोगों को जागरूक करना है। यह लोगों के कल्याण और बेहतरी को बढ़ाने के लिए भी मनाया जाता है।

# जयंती विशेष 25 दिसम्बर




**महामना मदन मोहन मालवीय** (25 दिसम्बर 1861 - 12 नवंबर 1946) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता तो थे ही और इस युग के आदर्श पुरुष भी थे। वे भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति थे जिन्हें **महामना** की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया। पत्रकारिता, वकालत, समाज सुधार, मातृ भाषा तथा भारतमाता की सेवा में अपना जीवन अर्पण करने वाले इस महामानव ने जिस विश्वविद्यालय की स्थापना की उसमें उनकी परिकल्पना ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षित करके देश सेवा के लिये तैयार करने की थी जो देश का मस्तक गौरव से ऊँचा कर सकें।

# TOB
# खेल कॉर्नर




## भारत की तरफ से टी-20 में फास्टेस्ट फिफ्टी

| बैटर्स | बॉल | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| युवराज सिंह | 12 | इंग्लैंड | 2007 |
| हार्दिक पंड्या | 16 | साउथ अफ्रीका | 2025 |
| अभिषेक शर्मा | 17 | इंग्लैंड | 2025 |
| केएल राहुल | 18 | स्कॉटलैंड | 2021 |
| सूर्यकुमार यादव | 18 | साउथ अफ्रीका | 2022 |
| गौतम गंभीर | 19 | श्रीलंका | 2009 |
| रोहित शर्मा | 19 | ऑस्ट्रेलिया | 2024 |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 25.12.2025

## क्वांटम युग

क्वांटम युग **(Quantum Era)** उस आधुनिक समय को कहते हैं, जब क्वांटम यांत्रिकी **(Quantum Mechanics)** के सिद्धांतों पर आधारित नई प्रौद्योगिकियाँ, जैसे क्वांटम कंप्यूटिंग, हमारे जीवन और विज्ञान में गहरा असर डाल रही हैं; यह परमाणु और उप-परमाणु स्तर पर ऊर्जा और पदार्थ के व्यवहार को समझने और उन्हें नियंत्रित करने का युग है, जो अभूतपूर्व तकनीकी विकास और नई संभावनाओं के साथ-साथ सुरक्षा व नैतिक चुनौतियाँ भी ला रहा है, जैसे क्वांटम कंप्यूटर वर्तमान एन्क्रिप्शन को तोड़ने में सक्षम हो सकते हैं.

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**गुजरात के चंदनकी गाँव में कोई घर पर खाना नहीं बनाता; यहाँ ₹2000 महीने में पूरे परिवार को सामूहिक किचन में भरपेट भोजन मिलता है। यह एकता और आत्मनिर्भरता की भारत में एक अद्भुत मिसाल है।**

 राकेश कुमार

# पद्य पंकज

"

बनबाला के गीतों सा,निर्जन में बिखरा है मधुमास,
इन कुंजों में खोज रहा है,सूना कोना मन्द बतास।
नीरव नभ के नयनों पर,हिलतीं हैं रजनी की अलकें,
जाने किसका पंथ देखतीं,बिछ्कर फूलों की पलकें।
मधुर चाँदनी धो जाती है,खाली कलियों के प्याले,
बिखरे से हैं तार आज,मेरी वीणा के मतवाले;
पहली सी झंकार नहीं है,और नहीं वह मादक राग,
अतिथि! किन्तु सुनते जाओ,टूटे तारों का करुण विहाग।

Madhu priya

**महादेवी वर्मा**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


MERRY

# Christmas

May the magic of Christmas bless your home with joy, your heart with love, and your life with laughter.




www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
कवि,प्रखर वक्ता,भारत के पूर्व प्रधानमंत्री
अटल बिहारी वाजपेयी
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
25 दिसम्बर 1924 – 16 अगस्त 2018
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


25 दिसंबर
समस्त देशवासियों को
तुलसी पूजन
की हार्दिक शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org